पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़

(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)

(Accredited by NAAC with Grade 'A+')

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009

प्रतिवेदन

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के हिंदी विभाग द्वारा 23-24 जनवरी 2024 को एक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के सिरपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में किया गया है। यह संगोष्ठी "भारतीय स्वाधीनता-आंदोलन: श्रुत एवं अविश्रुत गाथाएँ" विषय पर केंद्रित थी। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय स्वाधीनता संग्राम की उन कहानियों और गाथाओं को उजागर करना है, जो इतिहास के पन्नों में अनदेखी रह गई या जिन्हें अपेक्षित ध्यान नहीं मिला। इन गाथाओं के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के नायकों और उनकी संघर्षशीलता को नमन करने का प्रयास किया गया। यह आयोजन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के बहुआयामी पहलुओं को समझने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने में सहायक होगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. बंश गोपाल सिंह, माननीय कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा की गयी, जो अपनी अद्वितीय प्रशासनिक क्षमता और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री अमर अग्रवाल जी, माननीय विधायक, बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि आचार्य ए. डी. एन. वाजपेयी, माननीय कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर तथा बीज वक्ता के रूप में डॉ. पवन अग्रवाल, प्रो. हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय (उ.प्र.) उपस्थित रहें। यह संगोष्ठी पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गयी। इस संगोष्ठी का आयोजन हिंदी विभाग द्वारा किया गया, जो भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन के प्रति समर्पित है। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के शिक्षाविद, शोधार्थी और छात्रों ने भाग लिया, जिससे इस मंच के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने नायकों और उनकी प्रेरणादायक गाथाओं का स्मरण किया गया और उनके बलिदानों को याद किया गया तथा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को श्रद्धांजलि देते हुए, प्रथम दिन संगोष्ठी का समापन हुआ।

समापन समारोह में कार्यक्रम के अध्यक्षता माननीय कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह जी नें किया मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिध्द ललित निबंधकार श्री राम परिहार, खण्डवा (म. प्र.) जी थे बीज वक्त के रूप में डॉ. पवन अग्रवाल जी थे अंत में धन्यवाद ज्ञापित डॉ. शोभित वाजपेयी (क्षेत्रीय निदेशक) ने किया। इस अवसर पर पण्डित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति अन्य विभाग के के विभाग अध्यक्ष शिक्षक कर्मचारी एवं 149 प्रतिभागियों ने पंजीयन कारण जिसमें से उन्हें 79 ऑफलाइन तथा 47 ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन कराया तथा 65 शोधसार प्राप्त हुए थे।

विभागाध्यक्ष
हिंदी विभाग
PSSOU